- जमींदारी समाप्त होने पर प्रशासन देता था प्रति पूजा 1307 रूपये 53 पैसा मात्र, 1990 - 1991 तक मिला।

---


आमतौर पर भागलपुर जिला के दुर्गा स्थानों का इतिहास मौखिक ही है। मौखिक को मेढ़पति लोग लिपि बद्ध कर ले तो इतिहास को बचाया जा सकता है। क्योंकि इतिहास हम सबों की पूंजी एवं धरोहर है। इसे बचाकर रखना सबों की जिम्मेदारी है।

भागलपुर के बरारी के गंगा नदी किनारे राढ़ी टोला निवासी राजेश दास एवं गोपेश दास (मजूमदार) ने कुछ दस्तावेजों को बचा रखा है जिससे अनुमान हो रहा है इनके पूर्वज मुगल काल से ही महारानी दुर्गा की पूजा कर रहे हैं ।

मेढ़पति गोपेश दास ने बताया कि मेरे दादाजी को उनके दादाजी स्व. दुर्गा प्र. दास ने 1890 ई. में बताया था कि पुस्त दर पुस्त से दुर्गा महारानी की पूजा चली आ रही है। बुजुर्गों ने बताया था कि हमारे एक पूर्वज मुगल बादशाह जहांगीर ( 1605 - 1627 ) के दरबार में राजस्व विभाग में थे जिन्हें कानूनगो बनाया गया था। पुस्त दर पुस्त के हिसाब से 1890 से अगर दो सौ बर्ष पीछे जाते हैं तो 1690 होता है। बादशाह औरंगजेब का काल 1658 - 1707 तक था , उस हिसाब से पूजा मुगल से मानी जा सकती है।

मूल दुर्गा स्थान सहित पुस्तैनी घर गंगा मैया की गोद में समा गई। कागजात भी चला गया। लेकिन पिताजी का हस्तलिखित एक कोपी सुरक्षित रखने में सफल रहा एवं बुजुर्गों से पूछताछ कर वंशावली बनाया हूं। गोपेश दास ने बताया कि जमींदारी समाप्त होने के बाद प्रशासन द्वारा प्रति बर्ष पूजा हेतु अल्प राशि 1307 रूपये 53 पैसा मात्र मिलता था जो 1990 - 1991 ई. तक मिला।

श्री दास का घर खुद एक ढूंह MOUND पर है जहां आज भी पुरातात्विक अवशेष हैं। वे बताते हैं कि कुछ वर्षों पहले चार पांच आकर छिटका चुनकर ले गए थे । गंगा के कटाव में भी पुरावशेषों को बहते देखा हूं। वैसे तो पूरा बरारी ही ढूंह पर बसा है।



Collection from: Prof. Raman Sinha

## डॉ अमरेन्द्र : एक संक्षिप्त परिचय



डॉ. अमरेन्द्र

हिन्दी और अंगिका में विपुल साहित्य के सर्जक डॉ. अमरेन्द्र का जन्म, बिहार के पुराने जिले भागलपुर के बाँका अनुमंडल (अब जिला) के रजौन थानान्तर्गत, पौराणिक नदी चानन नदी के पूर्वी छोर पर बसा रुपसा (रूपसार) गाँव में पाँच जनवरी उन्नीस सौ उनचास ई. में हुआ । अगर इनके संपादित और अनुवादित साहित्य को अलग कर दें, तो इनकी मौलिक कृतियों की संख्या ही पैंतालीस है, जिनमें प्रबंध–काव्य, मुक्तक, उपन्यास, कहानी, नाटक, आलोचना षामिल हैं । ये पुस्तकें ज्यादातर हिन्दी में हैं, बाकी अंगिका भाशा में । अंगिका भाशा और साहित्य पर इनके लिखे लेखों ने अंगिका और अंग पर नये सिरे से सोचने के लिए विद्व ानों को बाध्य किया । इनकी दीर्घ साहित्य–साधना और विपुल साहित्य को लेकर इन्हें समय–समय पर पुरस्कारों और उपाधियों से भी सम्मानित किया गया है। इनके साहित्य पर कई विश्वविद्यालयों में पी. एच–डी उपाधि के लिए शोध–कार्य भी हुए हैं । इनके व्यक्तित्व और कृत्तित्व को लेकर कई महत्वपूर्ण किताबें प्रकाशित हैं। हाल के वर्शों में डॉ. अमरेन्द्र के लिखे साहित्य में इनका महाकाव्य 'कर्ण' इनका प्रौढ़तम प्रबंध काव्य है, जिसकी प्रशंसा देश भर के पुराने–नये विद्वान आलोचकों ने की है ।

संपर्क : संपादक, आंगीप्रभा, लाल खां दरगाह लेन, सराय भागलपुर, 812002 (बिहार)
Website : www.dramrendra.com

## अंगिका बाल कविता: टुनमा रो अंग देस

अंग देश रो टुनमा वासी
जेकरो वास्तें अंगे काशी
वीर कर्ण रो देस यही
टुनमा उछलै कही–कही
एकरो नदी ले मन में खोसी
चानन, गंगा, आरो कोसी
जानबे तोहें देर–सबेर
अंग देश रो महिमा ढेर
मौसा–मौसी सबनें कहै
ऋशि शृंगी यहीं रहै
पूज्य वासूओ के नै भूल
झुलवा पर तोहें कत्तो झूल
विक्रमशील हौ विद्यापीठ
अभियो गिरी खड़ा छै ढीठ
पढ़ी–लिखी के आपनो ज्ञान
मंदारे रं उच्चो तान
चनदनवाला, बिहुला माय
सब बुतरु पर हुवे सहाय
टुनमा खाय कें एक अनरसा
घूमी ऐलै सौंसे सहरसा
भागलपुर से मधेपुरा
दिखलै कोय नै एक बुरा
ई खुल्लै तभिये जाय पोल
तुरत पहुँचलै जबे सुपोल
साहेबगंज में साहब पाँच
बदमासो रो करै छै जाँच
देवघर, दुमका, गोड्डा तीन
घुमते–घुमते ऐलै नीन
बेगूसराय ठहरलै जाय
एक पुलिस सें धक्का खाय
लेलकै कटिहारो में होश
फेनू चली के छौं–छौं कोस
आय पूर्णिया ऐलो छै
मछली खाय मुटैलो छै
किसनगंज में लागले लू
ऐलै अररिया भरलो मू
भले खगड़िया परसू जाय
बाँके में ऊ रहतै आय
कल जैतै मुंगेर किला
आरो जमुई नया जिला
अंग देश रो यही भुगोल।

–डॉ. अमरेन्द्र

# बुद्ध काल एवं जातक काल की सामाजिक व्यवस्था

डॉ० कुमारी ज्योत्सना
एम० ए०, पी० एच० डी०
पाली विभाग,
मगध विश्वविद्यालय,
बोधगया।

त्रिपिटकों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि भगवान बुद्ध ने तत्कालीन समाज में व्याप्त संकीर्णताओं एवं धार्मिक आडम्बरों का खंडन किया । छठी सदी ई० पूर्व की वैदिक युगीन सामाजिक एवं धार्मिक मान्यताएँ यथावत प्रचलित थी। ऋग्वेद के दसवें मंडल के पुरूषसक्त में सामाजिक विभाजन का आदर्श स्थापित किया गया था, वो छठी सदी ई० पूर्व तक और भी सुदृढ हो चुका था। इस व्यवस्था में ब्राह्मणों और क्षत्रियों की उच्चता स्थापित हो गई, जबकि शूद्रों की स्थिति निरंतर गिरती जा रही थी। यज्ञ की जटिल विधियों एवं अनुष्ठानों में निम्न वर्गों का सम्मिलित होना वर्जित था, जिसके परिणामस्वरूप धार्मिक क्षेत्रो में ब्राह्मणों का एकाधिकार स्थापित हो गया।

भगवान बद्ध ने वर्णव्यवस्था सम्बन्धी कोई नयी कसौटी नहीं रखी, अपितु पुरानी कसौटी को ही स्वीकार कर लिया। भगवान बुद्ध ने प्रचलित सामाजिक एवं धार्मिक मान्यताओं में सुधार कर ब्राह्मणों, क्षत्रियों, वैश्यो एवं शूद्रों को समान अधिकार देने का प्रयत्न किया। इसकी चर्चा हमें 'सुत्तनिपात' के 'वसलसुत्त' में मिलती है, जिसमें व्यक्ति के जीवन में कर्म को प्रधानता दी गई है–

"न जच्चा वसला होति
न जच्चा होति ब्राह्मणो
कम्मुना वसलो होति
कम्मुना होति ब्राह्मणो'

अर्थात जन्म से काई वृल (नीच) या ब्राह्मण नहीं हो सकता, वह अपने कमो क आधार पर ब्राह्मण या शुद्र हो सकता है। बुद्ध का तर्क था कि किसी भी निम्न कुल मे जन्म लेन से कोई भी मनुष्य हीनता या दोष का भागो नहीं होता, अपितु अपने शुभ कर्मों द्वारा ही सभी मनुष्य पुण्य के भागी हो सकते हैं। भगवान बद्ध यह मानते थे कि कर्म और शील ही मनुष्य को नर से नारायण बनाते है, इसलिए उन्होंने 'पचशीलों' एवं 'दसशीलों' की स्थापना की । बुद्ध ने कर्म की प्रधानता पर प्रकाश डालते हुए यह समझाने का प्रयत्न किया है कि सभी कुछ अनित्य हैं, संसारदुःखमय हे एवं आत्मा भी अनित्य है।

भगवान बुद्ध ने यद्यपि आत्मा को अनित्य माना है, किन्तु जीवन के शाश्वत प्रवाह को स्वीकार किया है, इसलिए पुनर्जन्मवाद एवं परलोक को भी स्वीकारा है। समस्त जातक कथा पुनर्जन्मवाद पर ही आधारित है। भगवान बुद्ध ने चार आय-सत्यों के प्रतिपादन में तृष्णा को समस्त दुःखों का मूल बताया है और उससे विरत रहने के लिए आय अष्टागिक मार्गों पर चलने की शिक्षा दी।

भगवान बुद्ध के इन दार्शनिक विचारों को तत्कालीन समाज में सम्मान मिला, धर्म की साधना के समान अधिकार का समाज ने सहर्ष स्वीकार कर बौद्ध धर्म को अपनाया। तत्कालीन समाज में इसका लाभ वैश्यों एवं शुद्रों को मिला। इस परिवर्तन ने समाज मे उथल-पुथल मचा दी, परिणामस्वरूप एक नई विचारधारा एवं सामाजिक व्यवस्था का जन्म हुआ। बुद्ध क प्रमुख शिष्य 'उपालि' जन्म से नाई थे, निम्न जातियों में जन्में सुनीति तथा सुपाल मंत्री भी बने।

तत्कालीन समाज में राज व्यवस्था अत्यन्त शांतिपूर्ण एवं समृद्धपूर्ण था, प्रजा को न्याय दिलाने के लिए कचहरियाँ एवं उचित न्यायपूर्ण व्यवस्था थी। प्रजा के लिए राजा का चुनाव होता था। समाज में राजा का स्थान महत्वपूर्ण था। 'उलूकजातक' से स्पष्ट है कि वंश परम्परा के आधार पर भी राजा होते थे। व्यक्ति को अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता थी। राजा अपनी अध्यात्मिक उत्कर्ष के लिए, राज-काज से विरक्त हो वानप्रस्थ जीवन का निर्वाह किया करते थे। इससे स्पष्ट है कि राजा सत्तालोलप नहीं थे।

(राजोवाद जातक मे) इसके अतिरिक्त सेवकों आदि के कार्यो से संतुष्ट हो उन्हें सम्मान व पारितोषिक भी मिलता था। कुछ जातकों के अध्ययन से यह भी ज्ञात होता है कि राजाओं का वातावरण विलाशितापूर्ण था।

तत्कालीन समाज में अनेक प्रकार के व्यवसाय प्रचलित थे। ब्राह्मणों का कार्य अध्ययन-अध्यापन, शिक्षा-दीक्षा एवं भिक्षावृति द्वारा जीवन-यापन करना था। वैश्यों का मुख्य कार्य व्यवसाय था। उस समय कृषि एक प्रमुख व्यवसाय था। कृषि में यव, तिल, चावल आदि का वर्णन है, वैश्य विदशों में भी व्यवसाय कर अच्छी आय प्राप्त करते थे। इसका उदाहरण 'बावेरूजातक' एवं 'सुप्पपरकजातक' में मिलता है।

जातक कालीन समाज में विवाह के वर्णन से यह ज्ञात होता है कि विवाह सम्बन्ध सजातियों में ही श्रेष्ठ माना जाता था। विवाह के लिए कन्या की उम्र 20 से 30 वर्ष थी और उन्हें योग्य वर वरण करने की स्वतंत्रता थी। कन्या और वर दोनो को प्रेम-विवाह की भी स्वतंत्रता थी।

"उरग जातक' एवं 'संकिच्य जातक' से कन्या के विक्रय की प्रथा का पता चलता है। राजा को किसी भी जाति की कन्या से विवाह एवं अनेक विवाह की स्वतंत्रता थी। 'कट्ठहारि जातक' में माली की कन्या से उत्पन्न पुत्र को युवराज बनाया गया। राजा किसी भी पत्नी का त्याग करने के लिए स्वतंत्र था, जबकि सामान्य जनता सिर्फ सदोष पत्नी का ही त्याग कर सकती थी। उस समय 'नियोग' की प्रथा भी प्रचलित थी।

बुद्ध या जातक कालीन युग में कहीं भी विशेषतया क्षत्रियों का उल्लेख नहीं है। हाँ, क्षत्रियों के रूप में राजा का उल्लेख अवश्य है। बौद्ध एवं जातक कालीन साहित्य के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि तत्कालिन आर्थिक व्यवस्था काफी सुदृढ़ थी। इसी काल में भारत का सम्बन्ध विदेशों से स्थापित हुआ। लोग अपनी सुविधा के अनुसार व्यक्तिगत एवं सामुहिक व्यवसाय किया करते थे। जैसे-जसे नागरीय जीवन का विकास हुआ, यातायात के साधन बढ़, व्यवसाय में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हुई, जिसके कारण देश आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न होता गया। जन साधारण के लिए आवासगृह एवं नदियों को पार करने के लिए पुल आदि का वर्णन भी मिलता है। गाँवों में कृषि, गोपालन के अतिरिक्त वस्त्र व्यवसाय का भी वर्णन है, लगान के तौर पर कृषकों से अनाज लिया जाता था, कुछ कठिनाई होने पर उन्हें माफ भी कर दिया जाता था। पुरूष हीं नहीं, स्त्रियाँ भी व्यवसाय करती थीं। गाँवों में पैसा इकट्ठा कर उत्सवों का आयोजन किया जाता था।

तत्कालिन साहित्य के अध्यायन से उन धर्मिक स्थितिया के संकेत मिलते हैं, दान देना, शीलों का पालन और आचरण करना, 'उपोसथ' करना, आर्य श्रावकों की सेवा करना आदि।धर्मयुक्त आचरण से समाज में आदर व सम्मान प्राप्त होता था। ऐसा 'सीलनिसंस जातक', 'राजोवाद जातक' एवं 'मखादेव जातक' के अध्ययन से ज्ञात होता है। श्राद्ध में लोगों की आस्था थी, ऐसी मान्यता थी कि श्राद्धकर्म से पूर्वजों को शांति मिलती है। उस समय आश्रम व्यवस्था भी कायम थी क्योंकि राजा भी बाल सफेद होने पर राजधर्म त्यागकर वानप्रस्थ ग्रहण करते थे।

जातक साहित्य के अध्ययन से हम निःसंदेह कह सकते हैं कि यह बौद्ध युग की प्रतिच्छाया है। यह एक ऐसा दर्पण है जो तत्कालीन जनजीवन का सजीव चित्रण करने में पूर्ण रूपेण सक्षम व समर्थ हैं। इसी कारण 'जातक' साहित्य का बौद्ध धर्म में ही नहीं अपितु भारतीय साहित्य में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है।

संदर्भ सूची

1) जातक कथा- भिक्षु धर्मरक्षित (पठमो भागो)।
2) जातक संग्रह- एन. बी. टाईगर (पुणे 1936)।
3) बद्ध धर्म एवं दर्शन- आचार्य नरेन्द्र देव, पटना (1956)।
4) मज्झिम निकाय- पृष्ठ संख्या (22)
5) जातक माला- पी. एल. वैद्य, मिथला विद्यापीठ (1954)।
6) सुत्तनिपात- वसलसुत्त।

# कोविड-19 और आपका मस्क्यूलोस्केलेटल स्वास्थ्य

कोविड–19 एक नई बीमारी है , जो नोबेल कोरोनावायरस की वजह से होती है  जिसे इंसान में पहले कभी नहीं देखा गया था। कोविड–19 में 'को' है कोरोना के लिए , 'वि' है वायरस के लिए और 'ड'  है डिजीज के लिए '19' है 2019 वर्श के लिए।

किसी भी व्यक्ति को कोविड–19 उन लोगों से हो सकता है जिसमें इस वायरस का संक्रमण पहले से है। जब को. विड–19 से संक्रमित व्यक्ति खासता , छीकता , सांस छोड़ता है तो उसके नाक व मुंह से निकली छोटी बूंदों से यह रोग दूसरे में फैल सकता है।

कोविड–19 के मुख्य लक्षण हैं बुखार , खांसी और सांस लेने में तकलीफ ।बीमार को थकान , बदन दर्द और नाक जाम होने ,गले में खराश और उल्टी दस्त की समस्या भी हो सकती है ।हालांकि कुछ लोग जो इससे संक्रमित हो जाते हैं उनको कोई भी लक्षण नहीं होते ।इससे  संक्रमित होने वाले अधिकांश लोगों को किसी विशेष इलाज की जरूरत नहीं होती ।लेकिन कुछ लोग बेहद गंभीर रू।से बीमार हो जाते हैं और उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगती है

उपरोक्त विवरण जो षायद ज्यादातर लोगों को पता होगा मैं इस वैश्विक महामारी का अवलोकन अस्थि रोग विशेषज्ञ के तौर पर करूंगा ।मस्क्यूलोस्केलेटल स्वास्थ्य में हमारी हड्डियां , मांसपेशियां और रीढ़ की हड्डी निहित है ।कोविड–19 एक दैहिक संक्रमण है जो वस्तुतः पूरे षरीर को सर से पांव तक प्रभावित करता है।

आरंभ में ही हमें यह समझ लेना चाहिए कि हमारी हड्डियां , जोड़ और मांसपेशियां एक गतिशील प्रणाली है । रोज पुराने उत्तको की मृत्यु होती है और नए उत्तको का सृजन होता है। यह सारी प्रणालियों को नियंत्रित करने में काफी सारे हार्मोन जैसे कि (विटामिन डी, पाराथोरमोन, कैल्सीटोनिन इतियादि) की भूमिका हैं ,  साथ ही हमारी षारीरिक गतिविधि भी स्वस्थ हडियों, जोड़ो  और मांसपेशियों के लिए अति आवश्यक है।

संछे। मैं उपरोक्त हॉर्मोनो, शारीरिक गतिविधि के सामंजस्य पर हमारा मुस्कुलोस्केलेटल स्वास्थ्य निर्भर करता है। चुकि इस वैश्विक महामारी के दौर मैं हम सब अपने अपने घरों मैं कैद हैं और हमारी षारारिक गतिविधियां काफी कम हो गई हैं, इसका हमारे मुस्कुलोस्केताल स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा हैं ।ऐसे में हम सबकी जिम्मेवारी है की हम अपने और अपने परिवार के मुस्कुलोस्केताल स्वास्थ्य का ध्यान रखें

निम्मलिखित उपाय कर के हम अपने स्वास्थय का ख्याल रख सकते हैं–

- रोजाना 30 मिनट कसरत (जैसे की योगासन, घूमना, जॉगिंग, डांसिंग, एरोबिक्स) कर सकते है। शोशल डिस्टन्सिंग का पालन करते हुए खुले मैदान या पार्क मैं घूमना, टहलना या रनिंग कर सकते है। मास्क का प्रयोग ना करें जब आ।उपरोक्त गतिविधियां कर रहे है।
- पर्याप्त मात्रा मैं विटामिन डी, कैल्सियम का सेवन करें दूध और दूध से बने पदार्थ (दही, पनीर, चीज, छांछ) का सेवन करें।

| | Calcium | | Vitamin D | |
|---|---|---|---|---|
| Life-stage group [age and (gender)] | RDA (mg/day) | UL (mg/day) | RDA (IU/day) | UL* (IU/day) |
| 1-3 yr (m/f) | 700 | 2,500 | 600 | 2,500 |
| 4-8 yr (m/f) | 1,000 | 2,500 | 600 | 3,000 |
| 9-18 yr (m/f) | 1,300 | 3,000 | 600 | 4,000 |
| 19-50 yr (m/f) | 1,000 | 2,500 | 600 | 4,000 |
| 51-70 yr (m) | 1,000 | 2,000 | 600 | 4,000 |
| 51-70 yr (f) | 1,200 | 2,000 | 600 | 4,000 |
| 71+ yr (m/f) | 1,200 | 2,000 | 800 | 4,000 |

m: male; f: female; RDA: Recommended Dietary Allowance; UL: Tolerable Upper Intake Level; IU: International Units. RDA indicates the intake level that covers the needs of ≥ 97.5% of the population.

*UL indicates levels above which there is a risk of adverse events. The UL is not intended as a target intake (there is no consistent evidence of greater benefit at intake levels above the RDA).

- शराब का परिहार, सिगरेट का त्याग करें।
- पर्याप्त मात्रा मैं हरी सब्जियाँ का सेवन करें।
- पर्याप्त मात्रा मैं प्रतिदिन प्रोटीन ( अंडे, चिकन, मछली ) का सेवन करें।
- विटामिन c ( आवला, बेरीज, अमरूद, ब्रोकोली, ऑरेंज ) का सेवन।
- रजोनिवृति महिलाये और 50 के ऊपर लोगों को अपना BMD टेस्ट ( बोन मिनरल डेंसिटी ) अनिवार्य रूप से कराना चाहिए. BMD हमारे हडियों का पर यूनिट बोन मास के घनत्व का मापन है. (टी स्कोर <–2.5, ऑस्टियोपोरोसिस, टी स्कोर 1 से 2.5 ओस्टेओपेनिआ है ), ऑस्टियोपोरोसिस एक साइलेंट किलर है जिसमे हडियाँ भूर भूरी हो जाती है, इसमें घातक कमर का फ्रैक्चर, रीढ़ की हड्डी का फ्रैक्चर, कलाई का फ्रैक्चर हो सकता है।
- रोजाना 15 से 20 मिनट सूर्य अनावरण भी करना चाहिए।

अंत मे, मैं अपने लेख को डॉ A P J कलाम साहब के एक उद्धरण से समाप्त करना चाहूंगा–




कोरोना वैश्विक महामारी के द्वारा पैदा किये गए मुश्किल हालातों से हम सकारात्मक रवैये से उबर सकते है और कठिनायों को अवसर मैं बदल सकते है। वायरस को वैज्ञानिक मनोवृति से नाकि घबराहट से हरा सकते है।

–डॉ प्रीति रंजन सिन्हा (अस्थि रोग विशेषज्ञ)

****

## SIX LITTLE STORIES WITH LOTS OF MEANINGS

(1). Once all villagers decided to pray for rain. On the day of prayer, all the people gathered, but only one boy came with an umbrella. That is faith.

(2). When you throw babies in the air, they laugh because they know you will catch them. That is trust.

(3). Every night we go to bed without any assurance of being alive the next morning, but still we set the alarms to wake up. That is hope.

(4). We plan big things for tomorrow in spite of zero knowledge of the future. That is confidence.

(5). We sec the world suffering, but still, we get married and have children. That is love.

(6). On an old man's shirt was written a sentence 'I am not 80 years old; I am sweet 16 with 64 years of experience.' That is attitude.

Have a happy day and live your life like these six stories. Remember - Good friends are the rare jewels of life, fficult to find and impossible to replace!!

# JUSTICE DELAYED IS JUSTICE DENIED

"Justice delayed will not only be justice denied, it will also destroy the Rule of Law"- Mr. Soli Sorabjee

Justice in vague sense means fulfilment of the legitimate expectation of the individual under laws and to assure him the benefits promised therein in speedy and fair manner. First quoted by Former English Prime Minister William E. Gladstone, 'Justice delayed is justice denied' signifies that a dallying and dawdling justice is no justice at all. Delay of justice is injustice and injustice alone can shake down the pillars of skies (democracy) and restore the reign of chaos and disorder.

The people of India through the Preamble of Indian Constitution have placed justice at the highest pedestal. Judiciary being the preserver of the Constitution has vowed to secure justice- social, political and economic, to every citizen of the country. Justice in its colossal sense includes imparting of speedy justice without compromising its fairness and righteousness. Evidently, Indian judiciary is suffering from huge backlog of cases which at present is estimated around 33 million. Such staggering number is the culmination of various factors such as:

- Inadequate number of judges;
- Various loopholes in laws coupled with lengthy procedures;
- Malafide laxity shown by few lawyers by intentionally delaying the process;
- Revenge motive and bogus cases;
- Whole journey from Trial Court to the Appellate Court

The dilatoriness in the process of justice has dire and serious effect on the society as a whole as faith of people in the judicial system will start to wane. The tiring judicial process and long overdue relief often becomes mentally and financially torturing for both victims as well as accused. Out of frustration, they will gradually take law in their own hands which consequently will lead to social anarchism. Instances like Uphaar Cinema Fire Case wherein decision came after 18 years of the incident; Hashimpura Massacre case where justice was served after 31 years; case of Ali Muhammad Bhat who before been acquitted had to spent 23 years of his life in jail for the crime he never committed are amongst few out of many unfortunate cases which have already shaken people's confidence in the Indian judicial system and its process. Convicts in the Nirbhaya case were hanged 8 years after that tragic incident although long-delayed nevertheless seems expeditious as compared to abovementioned cases.

Delays in delivering justice highlight the biggest challenge of Indian justice system which urgently needs a complete overhaul. Even though efforts have been made by introducing E-filing system and promoting Alternate Dispute Resolution (ADR) viz. mediation, arbitration, conciliation et cetera, still much is left to do. From establishing more courts at district level and appointing more judges to introducing technology at the ground level, creating awareness about ADR mechanisms and inculcating tech know-how amongst judges of every district court a good deal of work is yet to accomplish.

Despite so many problems Indian judiciary has tackled every hitch effectively and has done commendable job in imparting justice equitably without fear or favour. As justice delayed is justice denied similarly, justice hurried is justice buried is equally true. Therefore, sensible, rational, equitable and reasoned manner of modus operandi is imperative to balance the whole process keeping in mind that a sense of confidence in the courts is essential to prevent an incalculable damage to the society and to maintain its ordered fabric.

Jaiyanti Jeya

D/o Mr. R K Sinha

Rohini, Delhi

# ' मेरा गाँव: मेरा देश'
# सन्हौला क्षेत्र में राढ़ी कायस्थ का सामाजिक व राजनैतिक परिदृश्य
## (Socio-Political Panorama of Rarhhi Kayasthas in Sanhaula Area)

भागलपुर जिला सह लोकसभा क्षेत्र के कहलगांव अनुमंडल सह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सन्हौला क्षेत्र में राढ़ी कायस्थ समाज का आरंभ से ही अपना विशेष प्रभाव रहा है। उसमें भी खासकर भुड़िया–महियामा पंचायत में तो और भी ज्यादा। या यूं कहें कि इस पंचायत में तो राढ़ी समाज का सकारात्मक बर्चस्व ही रहा है।

कभी बनियाडीह के स्व0 सुनील सिन्हा जो सोना मुखिया के नाम से लोकप्रिय थे, अपने पंचायत के लम्बे समय तक दमदार मुखिया रहे थे।

जबकि अमडीहा पंचायत मुसलिम बाहुल्य है (लगभग 70ः मुसलिम) और वहां सिर्फ बनियाडीह गाँव में ही अपने सजातीय हैं, वह भी बिल्कुल अल्प संख्यक। सोना दा के बाद उनके गोतिया परिवार से ही श्री विनय सिन्हा भी मुखिया रहे। और फिर आज के घोर जातीय व साम्प्रदायिक दौर के बाबजूद उनके सुपुत्र श्री शत्रुघ्न सिन्हा अपने प्रतिद्वंदी (निवर्तमान मुखिया) से लगातार दूसरी बार अव्वल जीत हासिल कर अमडीहा पंचायत के वर्तमान मुखिया हैं। जबकि श्री विनय सिन्हा (पूर्व मुखिया) भी चुनाव मैदान में थे।

हमारे भुड़िया–महियामा पंचायत में भी लम्बे समय तक भुड़िया के स्व0 अरविन्द घोश (मुखिया) भी बहुत ही कदावर मुखिया हुआ करते थे। क्षेत्र में उनका काफी दबदबा हुआ करता था।

भुड़िया गाँव के ड्योढ़ी परिवार अर्थात मजूमदार परिवार का भी खासा प्रभाव हुआ करता था। वहां का नामी दुर्गा स्थान भी भुड़िया ड्योढ़ी परिवार का हीं हैं।

महियामा–गोविन्दपुर से उतर–पूरब गेरुआ नदी के पार पाठकडीह के कालू बाबू भी अपने इलाके में काफी प्रभावशाली व्यक्ति हुआ करते थे।

ये सभी लोग तब कांग्रेस की राजनीति करते थे और वहाँ के स्थानीय विधायक सदानन्द सिंह जी के प्रबल समर्थक व स्तंभ हुआ करते थे।

महियामा– गोविन्दपुर गाँव समाज में हमारे परिवार तथा टूनू (घोश) बाबू परिवार का काफी अच्छा प्रभाव रहा है।

टुनू बाबू का एक पुत्र श्री राजीव आस्ट्रेलिया में इन्जीनियर है। यद्यपि हमारे घर परिवार से कभी भी कोई जनप्रतिनिधि नहीं रहे हैं।

सन 1977 के जे पी लहर में हमारे राढ़ी कायस्थ समाज से मारवाड़ी कॉलेज के सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर श्री बलराम घोश जी भी कहलगांव क्षेत्र से बतौर जे पी उम्मीदवार चुनाव लड़े थेय परन्तु विडम्बना है कि निवर्तमान विधायक कांग्रेसी उम्मीदवार श्री सदानंद सिंह ही चुनाव जीतने में सफल हो गए, और प्रो0 बलराम घोश (भुड़िया निवासी) जीता हुआ चुनाव अपने सजातीय एक–जुटता के आभाव तथा भ्रश्टतंत्र व बाहुबली ताकत को काउंटर न कर पाने के चलते महज मामूली वोट के अंतर से हार गए।

अन्यथा राढ़ी कायस्थ समाज से पहला विधायक उसी वक्त सदन में दाखिल हो जाते और सत्ता में हमारी भागीदारी का श्री गणेश हो जाता।

महियामा से सटे पूरब तरफ गोविन्दपुर गाँव है जहां मेरा पैतृक निवास स्थान है। गोविन्दपुर का दुर्गा ध्भगवती स्थान हमारे परिवार के पूर्वजों द्वारा ही स्थापित है, और हमारा परिवार ही सेवायतध्मेढ़पति परिवार है। वर्तमान में मेरे पिताजी श्री नवल किशोर दास रेकॉर्ड सेवायत हैं।

महियामा–गोविन्दपुर में दास टोला सिर्फ गोविन्दपुर में है और घोश टोला सिर्फ महियामा में। सिन्हा परिवार दोनों गाँवध्टोला में हैं। सन्हौला से दक्षिण धोरैय्या रूट पर लाला (कर्ण कायस्थों) का बड़ा गाँव बटसार है। उसी के सटे अस्सी भी राढ़ी कायस्थ का एक गाँव है

जहाँ के डॉ उदय नारायण सिन्हा (Dr U N Sinha), एक मूर्धन्य वैज्ञानिक रहें हैं जो स्पेस रिसर्च इन्स्टीट्यूट (ब्प्ट) बंगलोर में चोटी के वैज्ञानिक के रूप में कार्यरतध्पदस्थापित थे और डा0 कलाम के समकक्षी वैज्ञानिकों में शुमार थेय जिन्हें सरकार के तरफ से कई सम्मानं

अवार्ड भी मिले हैं, परन्तु विडम्बना है कि हमारे समाज अथवा समाजिक संगठन ने उन्हें न तो पहचाना, न ही सम्मानित किया।

वैसे उनके एक सुपुत्र, श्री नरेन्द्र कुमार सिन्हा, भी गणितज्ञ हैं।

भुड़िया के ही कुछ मजूमदार–परिवार सन्हौला से कुछ किलोमीटर उत्तर घोघा रूट पर सकरामा–फाजिलपुर में भी जाकर बस गए हैं। बनियाडीह से पूरब गेरुआ नदी के पार पाठकडीह के बगल में ही भट्टाचक और महियामा गोविन्दपुर से पूरब गेरुआ नदी के पार कोयला भी अपने सजातीयों के गाँव हैं। कोयला के स्व0 शारदा प्र0 सिन्हा भी अपने इलाके के प्रभावशाली शख्स हुआ करते थे। अब यह कोयला झारखंड में हैं। कोयला के इन्जीनियर आशीश सिन्हा सब दिन महियामा (ननिहाल) में ही रहकर पले बढ़े।

महियामा के तरह ही ताड़र भी सन्हौला–घोघा मुख्य मार्ग पर रोड के किनारे एक बड़ा गाँव है, और वहां पर बड़ा सा पुराना नामी हाई स्कूल होने की वजह से वहां पर के तीनों गाँव (ताड़र, दोगच्छी और मकरपुर) को ताड़र ही जाना जाता हैं, पर वहां पर भी कायस्थों का गाँवध्टोला दक्षिण तरफ वाला मकरपुर है जहाँ पर सम्पूर्ण क्रांति में उपजे प्रखर क्रांतिकारी समाजवादी नेता स्व0 अशोक घोश जी का पैतक निवास स्थान है, जिनके पिता स्व0 अमरनाथ घोश  कार्यपालक दंडाधिकारी थे। अशोक दा राढ़ी बांधव समिति बिहार के कई

बार सचिव व अध्यक्ष भी रहे। वो कई राजनीतिक पार्टियों यथा जनता दल, समाजवादी पार्टी आदि के जिलाध्यक्ष भी रहे। वे दो–दो बार विधानसभा चुनाव भी लड़े पर इन्हे भी अपने समाज का खुलकर भरपूर राजनैतिक समर्थन नहीं मिलने की वजह से समाज का एक और नेता सदन में पहुंचने अथवा बेहतर परिणाम देने से चूक गए।

अंततः अशोक दा का अंतिम समय शारीरिक कश्ट व आर्थिक संकट से भरा रहा धा जो काफी दुखद व चिंतनीय विशय है। वैसे शिक्षा व उन्नति तरक्की में पूरे सन्हौला इलाके में महियामा–गोविन्दपुर गाँव सबसे अव्वल व अग्रणी रहा है।

जब वकील और डॉक्टर समाज का सबसे सम्मानित वर्ग हुआ करते थे तथा वकील और डॉक्टर होना ही अपने आप में समाज और इलाके के लिए गौरव की बात होती थीय तब तीन अलग–अलग शहरोंध्न्यायालयों में अग्रणी बड़े वकील प्रतिश्ठापित करने का गौरव हमारे महियामा गाँव को ही है। यथा गोड्डा में श्री सतीश चन्द्र घोश, बांका में श्री रमनी मोहन घोश और भागलपुर में श्री मणीन्द्र चन्द्र घोष (मणि बाबू) तब बड़े वकील हुआ करते थे। मणि बाबू वकील के प्रभावकारी कुशल नेतृत्व में ही राढ़ी बांधव समिति, बिहार नाम का संगठन तैयार हुआ था और उन्हीं के संघर्श के बदौलत राढ़ी (कायस्थ और ब्राह्मण) समाज को बिहार का अधिबासी (Domicile)

अर्थात बिहार बासी होने की विधिवत सरकारी मान्यता भी प्राप्त हुई, जो बिहार गजट में प्रकाशित भी है, अन्यथा पूरा राढ़ी समाज (कायस्थ व ब्राह्मण) बिहार के अधिकृत निवासी नहीं हो पाते।अतः इस महान उपलब्धि के लिए सम्पूर्ण राढ़ी समाज को मणि बाबू वकील एवं श्री बाबू (डा0 श्रीकृश्ण सिंह) मुख्यमंत्री का सदा आभारी रहना चाहिए। हम उन्हें हृदय से नमन करते हैं। मणि बाबू वकील के पुत्र श्री माणिक घोष भी कोल इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक (G.M.)  हुए थे।

सन्हौला इलाके का प्रथम डठठै क्वबजवत भी हमारे महियामा गाँव से ही डा0 रजनी कान्त घोश हुए थे, जिनके पुत्र डा0 अजय घोष भी जामताड़ा मे प्रसिद्ध चिकित्सक हैं और रजनी बाबू की एक नातिन भी डाक्टर हैं।

भौतिकी में स्नातकोत्तर करने वाली इलाके की प्रथम महिला श्रीमती तृप्ति सिन्हा हुई, जो मेरी बड़ी बहन है।

भुड़िया गाँव से बलराम बाबू प्रोफेसर के अलावा सत्तर–अस्सी–नब्बे के दो दशक में एक और विद्वान प्रोफेसर मारवाड़ी कॉलेज के ही रसायन विज्ञान विभाग में हुआ करते थे, प्रो0 अंजनी कुमार दास मजूमदार, जिनकी अच्छी ख्याति थी, यद्यपि वो बहुत सामाजिक नहीं थे और बंगला भाशी होने के कारण नॉन बेंगौली से ताल्लुकात कम रखते थे।

आखरि में एक सबसे महत्वपूर्ण बात कि हमारे राढ़ी कायस्थ समाज की एक बहुत बड़ी खासियत है कि यह जहाँ पर भी उस इलाके के स्थानीय समाज में जातीय व साम्प्रदायिक सौहार्द्र को बखूबी सम्हाल कर बरकरार रखा है। और यही कारण हैं कि 1989 के भीषण सम्प्रदायिक दंगे में भी हमारे इलाके में एक भी अप्रिय वारदात को किसी भी पक्ष के द्वारा अंजाम नहीं दिया जा सका।

स्वजनों! इन परिचर्चा का उद्देश्य इतना ही है कि हमारा समाज अब अन्य क्षेत्रों में बहुत हद तक आगे आ चुका है और हम तेजी से प्रगति व विकास कर रहे हैं। पर अब भी कुछ क्षेत्र में हम अधुरे हैं। अब जरूरत है सहयोग पुर्ण भाव से व्यक्तिगत व सामुहिक रूप से यथोचित मदद कर एक दूसरे को उपर खींचने व पिछे से धकेलने की। आगे चल रहे का पांव पीछे की तरफ खींचने की नहीं। जरूरत है जरूरतमंदों के लिए काम आने की। यथाआवश्यक खुलकर सामाजिक व राजनैतिक एकता को मूर्त रूप देकर राजनैतिक सफलता हासिल

करने की। तभी हमारे समाज का बहुआयामी चतुर्दिक विकास हो पाएगा और तभी धीरे–धीरे हमारे समाज का सत्ता में भी समुचित भागीदारी हो पाएगी।

यथोचित सम्मान व मंगलकामना के साथरू–

पुरुशोत्तम कुमार दास,
अधिवक्ता,
उपाध्यक्ष (एडवोकेट्स एसोसिएशन),
पटना हाई कोर्ट।
मो0:– 9431221171.
Email: purushottamdas9@gmail.com

(यह लेख यथासंभव मेरे जानकारी व स्मृति पर आधारित है, संभव है कि कई तथ्य इसमें सामिल न हो पाए हों अथवा छुट गए हों, इसके लिए क्षमा करेंगे)

——————— **** ———————

श्रद्धेय पाठको

मैं कभी कभी आपलोगो को सम्पूर्ण मानव हित में विचारो को प्रेषित करता हुँ। यदि सम्पूर्ण मानव हित में, लोक हित में, समाज हित में, देश हित में सम्पूर्ण विश्व के हित में मेरा सुझाव सकारात्मक लगे तो कृपया अन्य लोगो को भी प्रेषित करने का कष्ट करे , चुकि जब से कोरोना वायरस हुआ है तब से विश्व के सभी जन मानस आर्थिक मानसिक शारीरिक कष्ट झेल रहे है भा. रत सरकार, राज्य सरकार अनगिनत सामाजिक संगठन धार्मिक संगठन राजनैतिक सगठन ने बड़े बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट्स सिनेमा जगत रिश्तेदार परिजनों मित्रो डॉक्टर्स नर्सेज पैरामेडिकल स्टाफ सफाई कर्मचारियो पुलिस मिलिट्री भारतीय रेल हवाई जहाज, मालगाड़ी, कार्गो जहाज यानि जितना जिससे हो सका दिन –रात निष्काम सेवा अहर्निश किया।

अतः प्रत्येक मनुष्य का दायित्व है जिससे जो सेवा यथा तन मन धन से सेवा कर।

ज्ञातब्य है यह महाप्रलय है जो प्रत्येक एक सौ वर्ष के अंतराल पर महाप्रलय का आना तय है एवं लोगो को मालूम है यह महाप्रलय 1918 में पूरी दुनिया में आयी थी जिसमे अकेले भारत में पांच करोड़ लोग मरे थे अतः हमलोगो से जितना हो सके यथा यदि डॉक्टर्स है नर्स है पैरामेडिकल स्टाफ है वे निस्काम् सेवा करे यदि आप किसान है अपना हिस्सा आनाज रखकर जरूरत मंद ग्राम वासियो के बीच आनाजो का बितरण करे शादी विवाह में अनावश्यक अन्न की बर्बादी को रोकने का कष्ट करे उस बचे हुए अन्न से दुनिया के जो लोग भूख से मर रहे है इन लोगो के भूख मिट सकती है अभी पूरी दुनिया की एक ही समस्या है भूख से जो लोग ग्रसित है एवं जो लोग बीमार है अतः अनाज एवं इलाज यानि जान है तो जहान है वस मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है यदि संभव हो जितना हो सके यह महा संदेश जन मानस के बीच इसका व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने का कष्ट करे यदि संभव हो सके इसका पावती अवश्य ही प्रेषित करने का कष्ट करे।

बस आपका ही शुभचिंतक

एक भारतीय नागरिक

निमाय चंद्र घोष. टाटानगर झारखण्ड
पत्राचार का पता
पर्ल व्यू अपार्टमेंट
रोड न. सेवन (7) एक्सटेंशन , सोनारी
जमशेदपुर ८३१०११
EMAIL : ncghosh11@gmail-com
Whatsapp No: 9939141793

# राढ़ी कायस्थ : एक विहगावलोकन



प्रशान्त कुमार सिन्हा

राढ़ी कायस्थ और राढ़ी ब्राह्मण की उत्पत्ति की पंचब्राह्मण संकल्पना की कुछ अपनी कमजोरियाँ और विरोधाभास हैं। जैसे (क) विभिन्न राढ़ी और वारेन्द्र कुलपंजिकाओं में आदिसुर का वंशवृक्ष अलग–अलग है। (ख) इनमें ब्राह्मणों के बुलाने का कारण अलग है। (ग) ब्राह्मणों के आगमन की तिथियों में लगभग 600 साल का अंतर है। (घ) इनके नाम और गोत्र भी भिन्न हैं। (ड.) कोलांच की समता कहीं यू0पी0 के कन्नौज/श्रावस्ती से कहीं बंगलादेश का बोगरा जिला से तो कहीं कलिंग क्षेत्र से की गई है। (च) दामोदर ताम्रपत्र अभिलेख, राजा धर्मादित्य का फरीदपुर अभिलेख, राजा लोकनाथ का टिप्परा ताम्रपत्र लेख तथा संध्याकर नंदी की साहित्यिक रचना राम चरित से पता चलता है कि बंगाल के क्षेत्र में इन गोत्रों के ब्राह्मण पूर्व से ही मौजूद थे। जहाँ JNU के कुणाल चक्रवर्ती कुलपंजिकाओं को 15वीं सदी के पूर्व का नहीं माना है, वहीं इतिहासज्ञ पुष्पा नियोगी आदिसुर के अस्तित्व को ही नकारती है। आर0सी0 मजुमदार बताते है कि पंचब्राह्मण संकल्पना का उद्देश्य बंगाल में कुलीन तंत्र की स्थापना करना था। ध्यातव्य है कि कान्यकुब्जों के अखिल भारतीय सम्मेलन में राढ़ी ब्राह्मणों को इसी रूप में मान्यता भी दी है। वस्तुतः 7 th AD में कुमारिल भट्ट के नेतृत्व में Pan-indian brahmnical movement के कारण ब्राह्मण कुलपंजिकाओं में ऐसी कथाओं का सृजन हुआ होगा।

इतिहासकार आर0सी0 मजूमदार तथा डी0सी0 सरकार द्वारा प्रस्तुत इस तरह कई समरूप संकल्पनाओं पर विचार किया जाना समीचीन है। जैसे (क) कुलतत्वार्णव में आंध्रवंश के राजा शुद्रक द्वारा सारस्वत ब्राह्मणों को आमंत्रित किया जाना। (ख) राजा शशांक द्वारा शाकद्वीपी ब्राह्मणों (ग्रह–विप्र) को आमंत्रित किया जाना। (ग) राजा श्यामलवर्मन/हरिवर्मन द्वारा पाश्चात्य वैदिक ब्राह्मणों को आमंत्रित करना। विदित हो कि ये सभी आदिसुर से अलग थे। इतिहासकार N K Dutta के अनुसार राढ़ी और वारेन्द्र ब्राह्मण खुद को अन्य ब्राहमणों से श्रेष्ठ बताने के लिए विदेशी मूल की संकल्पना प्रस्तुत करते है, ठीक वैसे ही जैसे एंग्लो इंडियन खुद को इंग्लैंड से, आर्यन स्वयं को यूरोप से तथा भारतीय मुसलमान भी खुद को अरब, पार्सिया या तुर्की से जोड़ने का प्रयास करते रहे है।

डी0सी0 सरकार ने इस प्रकार की अन्य कथाओं से इसकी तुलना की है जैसे (क) कारगुदरी अभिलेख में मयूरवर्मन द्वारा अहिच्छत्र से 18 ब्राह्मणों की कुंतल देश लाने की सूचना मिलती है। (ख) पल्लव अभिलेखों में त्रिलोचन पल्लव द्वारा भी 70 ब्राह्मणों को उत्तर भारत से लाकर अग्रहार देने की सूचना है। (ग) चोल शासक कुलोत्रुंग III के अभिलेख में Mythlogical राजा अरिंदम से द्वारा तमिल देश में 98 इदंगाई ब्राह्मणों (Left hand) को अन्तर्वेदी प्रदेश (गंगा–जमुना दोआब) से लाकर को बसाने की सूचना प्राप्त होती है।

आदिसुर की कथा और अरिदंम की कथा में एक जैसे तत्व दिखाई पड़तें हैं। इस कथा का आधार वस्तुतः बंगाल शासकों के दक्षिण भारत के साथ सांस्कृतिक संबंध थे। पाल शासक धर्मपाल की पत्नी रणदेवी राष्ट्रकूट राजा प्रवाल की पुत्री थी। राज्यपाल की पत्नी भाग्यदेवी राष्ट्रकूट राजा तुंग की पुत्री थी। राजा विग्रहपाल III की पत्नी राष्ट्रकूट राजा मथाना/महाना की बहन थी। देवपाल के मुंगेर प्लेट (810 ई0) से पता चलता है कि पालों की सेना में कर्नाट योद्धा काफी मात्रा में थे। सेन शासकों और राष्ट्रकूटों के बीच का संबंध बिल्कुल स्पष्ट हैं। एक बात गौरतलब है कि जैसे अरिदंम की कहानी 12वी सदी से पहले नही मिलती है, उसी प्रकार आदिसुर की कथा भी उत्तरवर्ती मध्यकाल से पूर्व नहीं दीखती। ऐसे में डी0सी0 सरकार की प्रस्थापना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

फिर राढ़ी कायस्थ की उत्पत्ति पर विचारण आवश्यक है। 'राढ़' एक भौगोलिक ईकाई है जो जैन ग्रंथ आचारांग सूत्र में वर्णित 'लाढ़' के समतुल्य है। खुद महावीर ने लाढ़ के सुब्बभूमि और वज्जभूमि की यात्राएँ की। अमलेन्दू मित्र और

उनके गुरू प्राणचन मोंडल 'राढ़' शब्द का उत्स संताली भाषा के 'लार' में ढूढ़ते हैं। ग्रीक लेखक डायोडोरस सिक्यूलस इस 'राढ़' क्षेत्र में बसने वालों को 'गंगारिदाई' कहते है। जिसका बहुवचन प्रो0 डी0 सी0 सरकार द्वारा गंगराढ़ बताया है, जो कालांतर में राढ़ रूप में प्रक्षिप्त रह गया। (गंगरिदाई–गंगराढ़–अंगराढ़–राढ़)

आनंदमूर्त्ति प्रभातरंजन सरकार ने इसी क्षेत्र को सभ्यता का आदि बिन्दू के रूप में स्थापित किया है। 12वीं सदी के भट्ट भावदेव के भुवनेश्वर अभिलेख में राढ़ को भौगोलिक ईकाई के रूप दर्शाया है। ''दिग्विजय प्रकाश'' तथा तबकात–ए–नासिरी के अनुसार गौड से दक्षिण और दामोदर नदी के उत्तरी भाग, जो हुगली भागीरथी के पश्चिम में अवस्थित है, को ही राढ़ क्षेत्र माना गया है। राढ़ का सांस्कृतिक विभाजन उत्तरी और दक्षिणी राढ़ के रूप में हुआ है। विभिन्न अभिलेख और साहित्यिक स्त्रोत इसकी पुष्टि कहते है। राजेन्द्र चोल I के तिरूमलाई अभिलेख में उत्तर राढ़ को लदाम और दक्षिण राढ़ को तक्कन लदाम कहा गया है। रूपेन्द्र कुमार चट्टोपाध्याय ने अभिलेखों को आधार बनाते हुए अजय नदी को उत्तरी और दक्षिणी राढ़ की सीमा रेखा बताया है।

परन्तु एक बात और गौरतलब है कि 'राढ़' नामकरण दसवी सदी के पूर्व नहीं दिखता है। महाभारत के आदि पर्व में महाराज पांडु के सुह्म अभियान तथा दिग्विजय भाग के भीम द्वारा इस प्रदेश को जीतने की पुष्टि होती है। विदित हो कि महाराजा बलि और सुदेशना के पाँच पुत्रों में से एक सुह्म के नाम पर इस क्षेत्र का नामाकरण हुआ था। हर्ष चरित, वृहत संहिता, काव्य मीमांसा, दशकुमारचरितम् में सुह्म देश/राष्ट्र की चर्चा है। वहीं काव्य मीमांसा के समकालीन अन्य रचना कर्पूर मंजरी ने उस क्षेत्र को 'राढ़' कहा गया है। प्रबोध चंद्रोदय, कथासरितसागर, आदि में इस नाम का वर्णन है। धोयी की रचना पवनदूत में राढ़ का क्षेत्र वर्णित है। कालांतर में सुह्म नाम गौण हो गया और राढ़ नाम प्रचलन में आ गया। उपरोक्त वर्णित विवेचन तथा विभिन्न शोधों के परिणाम से स्पष्ट है कि राढ़ी कायस्थ और राढ़ी ब्राह्मण इसी प्राचीन भौगोलिक ईकाई (अंग+राढ़) में आरंभ से ही निवास करते रहे है। परिव्रजन की संकल्पना को नकारा जाना ही समीचीन है।

आधुनिक नृविज्ञानी तत्वों के विवेचन के आधार पर बिरजा शंकर गुहा ने 1931 ई0 में बंगाल के कायस्थ को Western Brachycephals (Broad headed) अर्थात आल्पीनॉयड, डायनारिक तथा आर्मेनॉयड की श्रेणी में रखा है। विदित हो कि सिंधु सभ्यता के निर्माण में भी आल्पीनायडों का योगदान रहा है। अतएव राढ़ी कायस्थों की संस्कृति आर्यपूर्व मानी जा सकती है। हमारे धार्मिक विश्वास, शाक्त परंपरा, षष्टी पूजा की परंपरा, भैया दूज, भजाय पूजा, बनौना आदि तथा विवाह व्यवस्था में अग्नि का गौण स्थान आर्येत्तर संस्कृति के परिचायक है। अस्तु किंवदंतियों पर आधारित विश्वासों का पूर्वाग्रह रहित पुनर्मूल्यांकन करते हुए नये सिरे सांस्कृतिक तत्वों की विवेचना की जरूरत है।

सधन्यवाद।


प्रशान्त कुमार सिन्हा

ग्राम–सबलपुर (बांका)

हाल निवास– गोड्डा (झारखंड)

# A Realisation of a Sr. Citizen

At the fag-end of our lives, say 60+ years, werealise, rather got chance storealise that why at all we should worry about likes or dislikes, love or hatred, comforts or discomforts, praises or abuses, respects or disrespects, mental tension or peace, sickness or health, sorrows of happiness etc.

When we leave this Earth, all the above situations become meaningless. We are free from all worldly behaviours. When we are gone, we will feel nothing about praises or criticism, our worldly life shall be over even if we have earned wealth and money. We should spend the money that should be spent, enjoy what should be enjoyed, donate what we are able to donate. Because, we don't have many years to live, and we cannot take along anything when we go. So, we don't have to be too thrifty.

We, 60+year olds, should not worry too much about our children, for our children havet heir own destiny and should find their own ways of living. Let them find their own course of lives as per their wisdom. Wes hould care for them upto certain age/stage, love them, give them gifts, but, at the sametime, we should also enjoy our money (Left over from the above expenses). Our lives should be more to it than working from the cradle to the grave. We should not worry about things that we cannot change because it does not help and it may spoil our health.

We should just not compare with others for fame and social status and see whose children are doing better etc., but inspire others for happiness, health, enjoyment, quality of life and longevity. Every family has its own problem. As long as we have enough food and enough money to spend, that is good enough; we should live happily. We have to create our own well- being and find our own place of happiness. Even simple interference is not needed in our grown-up children's lives. Let them find their own horizon. We have done our "Karma", it is now their turn to do"Karma".

One day passes with out happiness, we lose one day :and one day passes with happiness, we gain one day. We senior citizens (60+age), with good mood, exercises, variety of foods, vitamins and mineral in take, hopefully, we will live another 20 or 30years (in some cases more than this) of healthy life. In good spirit, sickness will cure. In happy spirit, sickness will cure faster. In high and happy spirits, sickness will never come. This realisation should be the basis of our healthy & happy lives. We should try to live with this.

JAI MAA DURGE!!

Prashant Kumar Das
Crossings Republik
Ghaziabad

****

ऐ जिन्दगी,
क्यों नाराज़ हो तुम इतना मुझसे
मैंने कोशिश तो की थी कि तुमसे मिलूं
परन्तु, जन्म मरण के बीच के कालखंड में
जीवन के उतार चढ़ाव व कुछ पाने की आपा धापी में
कौन कहां इतराता है
या उधेड़ बुन में खोया रहता है
मंजिल का कोई अनुमान नहीं
फिर भी मंजिल की तलाश जारी है.....
कौन जाने क्षितिज के उस पार
निराशा की काली छाया है या आशाओं की है स्वर्णिम रेखा.....
असमंजस ऐसी की जिन्दगी ढूंढने की बेबसी में
सब कुछ पीछे छूटा जाता है......

उलझनों को सुलझाने के प्रयास में
तुम्हें अपने पथ पर लाने क कोशिश में
ऐसा कुछ कुछ हो जाता है
एक सिरा डोर का पकड़ता ˙ तो दूसरा फिसल जाता है .......
पड़ाव उम्र का लगातार बदलता रहता है
असमंजस की ऐसी स्थिति में
मुश्किल है यह कहना कि
कहां रुकूं और कहां से प्रस्थान करूं
साथ तो है अपनों का सफर में
लेकिन मंजिल हैं सबकी अलग अलग
चलना है लेकिन अकेले और
पंहुचना भी है मंजिल पर अकेले ........

–प्रशांत कुमार दास क्रॉसिंग्स रिपब्लिक, गाजियाबाद

# BANKING & FINANCIAL POLICY IN CORONA PRISM

In the present scenario prevailed & paralyzed over the world including our nation, the economy, finance & fiscal policy & situation being faced largely is the one major issue after the most important issue of life & sustenance apparently & undisputedly. The dilemma of Banks & borrowers in the backdrop of RBI Circulations & Regulations have created bit confusion in the minds of all concerned being bit dicey, fishy having ambiguity, contradictions and apprehensions at fore. To say & understand the policy of deferment of Installments/EMI falling between the lockdown period has been in public domain but both as a layman or lawyer I understand that it should be applicable to those Accounts wherein EMI is falling amidst this period thickly in entirety however the problem of the Bank is perpetual; as we have confronted in some cases wherein the Account was slipping & falling NPA just after the lockdown is announced. As we all know that any Account is declared NPA automatically by the System of respective Banks once & as it is not serviced since last 3 months or precisely 90 days. Now the peculiar situation has arisen that since last almost 70-80 days a customer/borrower is not depositing due amounts for the reason best known to them but coming closure to be tagged as defaulter deliberately or so cannot be said either to be waiting to pay entire dues on the fag last day of falling NPA or was expecting Lockdown to be imposed which was contigential & unforeseen previously so neither can it be concluded that such lot of borrowers did not or could not deposit due amounts only because of Lockdown nor be it their case that despite having resources they could not deposit amounts but for lockdown. Obviously such borrowers were well aware qua the status & consequences of their own Accounts so to take advantage, mileage & privilege of lockdown counted to be falling under such category for entitlement of EMI deferment is neither proper nor fair rather for the humanitarian ground alone understandably. However if such situation are allowed to happen considering that the financial year has been declared to be extended upto June instead of March 2020 so all closure and status of Accounts have to be determined & reflected upto June'20. To my view EMI & Installment of one month or more than one month during this lockdown period need to be evaluated upon the paying capacity and/or intention to pay of an individual/entity. The readiness & preparedness has to be seen to get them avail this olive branch or escape route. A person/entity cannot or could not or did not deposit their dues deliberately & voluntarily because he/she/it had no provision for it and/or had provision but no intention are two different situations which neither can be equated & evaluated on the same parameters, footings & weighing scale. The Lockdown situation has neither brought each & every person equally in terms of repaying capacity rather their financial status remains distinct & accountable to the respective liabilities accrued well before such situation had arisen. To bring all in one queue and under same umbrella with one simple rule is neither proper nor appropriate to conceive & conclude. To treat deliberate defaulters & defaulters due to force de majure need and has to be seen from different angles & specs. What if even after June 2020 such Accounts are not settled, paid entirely, upgraded which was falling NPA marginally and was on the verge, brink, fence & fringe of it. To my considered opinion the law, rules should be fair to one and all not fair to some & unfair to rest. It cannot be tilted & twisted towards the wrong doers under the guise & garb of liquidity, fiscal, financial disruption in lockdown rather overall record, performance, intention have to be seen & counted. It cannot be concluded that all the persons/entities must & might opt for deferment of payments & EMI so neither can there be any hard & fast decision & rules nor all can be treated equally though placed differently. The instances & cases of deliberate defaulters are neither new nor emerged only due to the Corona effect rather such elements existed in all times everywhere so the distinction & differentiation has to be applied & effected otherwise the persons paying honestly, regularly & comfortably in hardships and those not paying earlier & later shall come on same platform for the time being though whenever calculated it should be quantified all such keeping in mind the background & reason of Accounts been declared NPA or so. Undoubtedly it sounds discrimination loudly as well seen visibly between two lots & categories; relief & rewards for those not paying but still allowing & enjoying the status of their Accounts none NPA, no scare or sword of CIBIL yet whereas the another lot who have been paying continuously struggling & managing at all fronts. For the Argument sake the factor of interest over interest during such moratorium period comes to the burden for the first lot but nothing for the rescue & relief for those who have paid even in such stress. Excuse of limited banking, problem in deposits are not available as the Banking of all nature are open maintaining the rules of social distancing which is also applicable & available for those who have paid despite all odds & adversities; either deducted from their Accounts or transferred or counter deposits in whatever manner. Overall no good reason & pleas are readily available for them not to pay inevitably under such circumstances even unless the intent & purport is clean

& clear baring few genuine cases. Hence, by & large in the long run or for the time being in force, the effect & impact of such circulars vis a vis recovery process under SARFAESI Acts & IBC process have to be seen, judged & applied harmoniously on merit case to case basis not blanketedly lest sending wrong signal, discouraging the genuine & sincere customers & borrowers ultimately resulting into disturbing the banking system devastedly having perturbing trend, effects & consequences which would be tough to handle such anomalies as check & balance to maintain equilibrium in time to come with any such common law whenever the situation gets normalcy or declared to be so by the competent Authority. (As written on 20/04/2020)

R K SINHA
DELHI

****

# एक टीस पल रहा है



राय बहादुर सिन्हा : एक परिचय
बाइस वर्ष पूर्व एक अवकाश प्राप्त प्राध्यापक। संस्कृत, अध्यात्म, गीता, उपनिषद पर अप्रकाशित, गीता समतुल्य 'धम्मपदम्' शीघ्र प्रकाशित होने को है।

प्रातः उदित रवि
ढल रहा है
एक टीस
पल रहा है
उर अंतरिक्ष में।

विसरा हुआ प्रभात
पहुँचा ढेर रात
ले ढेरों सी बात
झांकता
अपलक नयन सा
एक टीस
पल रहा है
उर अंतरिक्ष में।

रजनी के पग
सरितकुल ठहर गए
दिल के उमंग सब
लहरों पर ठहर गए
देखे जगनुओं को
टिमटिमाते तटबृक्ष में
अमावश का तम
छल रहा है
एक टीस
पल रहा है
उर अंतरिक्ष में।

एक तरणि पड़ी
लहरों पे लंगर डारे
श्वेत वसना
एक तरुणी खड़ी
मचल रहा पाल
धीरे ही धीरे
गदराया यौवन
उछल रहा है
चन्द्रप्रभा दुर्भिक्ष में
एक टीस
पल रहा है
उर अंतरिक्ष में।

५

आधी जब रात ढली
छपछप सी बात चली
भावतरणि तट छोड़ चली
उर बसंत रवि
प्राच्य प्रभा संग
धरा पर
उतर रहा है
एक टीस
पल रहा है
उर अंतरिक्ष में।

'कबिराय'
राय बहादुर सिन्हा
बोधगया

# दशहरा कर याद

घुरि–फिरी कै सालों में एकबार आबै छै
हाथी, घोडा, डोली या सिंह पर चढ़ी कै आबै छै।
बुधनवमी स ही चंडीपाठ कराबै छै,
एनहे करकै दूर्गापूजा साल मनाबै छै।

गाडी–छपड़ा पर पी–पी करल आबै छै,
पैसा के अभावों म पैदल चल्ल आबै छै।
घर पिछू एक्को टा जरूर आबै छै,
एनहे करिकै दूर्गा पूजा साल में मनावे छै।

सब कुछ रहतै जे नाय पूजा में आबै छै,
माय ओकरा सुतले में जगाबै छै ।
अगला साल पूजा म भागल–भागल आबै छै,
एनहे करकै दूर्गापूजा साल में मनाबै छै ।

सालों में एकबार घुरिकै आबै छै,
फूल, पान, सुपाड़ी आरो मिठाई चढ़ाबै छै।
पैसा के अभावों में खिलयो फूल चढ़ाबै छै,
एनहे करिकै दूर्गापूजा सालों में मनाबै छै।

माय दुंगा साल में एकबार आबै छै,
सभ्भे के साल5 में एकबार मिलाबै छै।
धोती,कुर्ता आरो पयजामा सिलाबै छै,
